दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
# क्यूँ न लिखूँ सच
वर्षः- 05
अंकः- 131
मुरादाबाद
(Tuesday)
02 September 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र, सभी देशों ने कायराना हरकत की निंदा की

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने तियानजिन घोषणा में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और दोषियों को सजा देने की मांग की। उन्होंने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता जताई और दोहरे मापदंडों को खारिज किया। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सोमवार को कड़ी निंदा की और भारत के इस रुख से सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह का दोहरा मापदंड स्वीकार नहीं किया जा सकता। एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई। यह घोषणापत्र चीन के तटीय शहर तियानजिन में दो दिन तक चले वार्षिक शिखर सम्मेलन के अंत में जारी किया गया। इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुति और कई अन्य वैश्विक नेताओं ने हिस्सा लिया। एससीओ के सदस्य देशों ने इस्राइल की ओर से गाजा पर किए हमलों की भी निंदा की, क्योंकि इन हमलों में बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की मौत हुई है और गाजा पट्टी में गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है। संयुक्त घोषणापत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उपायों का जिक्र किया गया और आतंकवाद से निपटने को एक बड़ी चुनौती बताया गया। घोषणापत्र में कहा गया, सदस्य देशों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। एससीओ के सदस्य देशों ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में खुझदार और जाफर एक्सप्रेस पर हुए आतंकी हमलों की भी निंदा की। घोषणापत्र में आगे कहा गया, उन्होंने (सदस्य देशों ने) मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। साथ ही यह भी कहा कि ऐसे हमलों के अपराधियों, योजनाकारों और समर्थकों को सजा मिलनी चाहिए। एससीओ ने आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई और इस बात पर जोर दिया कि इन तत्वों का निजी स्वार्थों के लिए इस्तेमाल करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। घोषणापत्र में कहा गया कि सदस्य देश मानते हैं कि आतंकवाद और चरमपंथ के खतरों से निपटने में संप्रभु देशों और उनकी सक्षम एजेंसियों की भूमिका सबसे अहम है। सदस्य देश हर प्रकार के आतंकवाद की निंदा करते हैं और इस बात पर बल देते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। वे अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान करते हैं कि आतंकवाद, विशेषकर सीमापार आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई की जाए।% एससीओ ने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद अहम है और सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति को पूरी तरह लागू करना चाहिए, ताकि सभी आतंकी संगठनों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई की जा सके।इसमें आगे कहा गया, घोषणा एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य% के संदेश को दोहराती है। सदस्य देशों ने 3 से 5 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 5वें एससीओ स्टार्टअप मंच के परिणामों का स्वागत किया, जिससे विज्ञान, तकनीकी प्रगति और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग और गहरा हुआ है। सदस्य देशों ने 21-22 मई 2025 को नई दिल्ली में हुई 20वीं एससीओ थिंक टैंक मंच की बैठक को भी महत्वपूर्ण बताया। साथ ही, उन्होंने विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के तहत काम करने वाले एससीओ अध्ययन केंद्र की सराहना की, जिसने सांस्कृतिक और मानवीय आदान-प्रदान को मजबूत किया है।

## यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना मानवता की पुकार, अहम बैठक में पुतिन से बोले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में एससीओ सम्मेलन के इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति पूरी मानवता की पुकार है। उन्होंने संघर्ष को जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना पूरी मानवता की पुकार है।उन्होंने आगे कहा, हम यूक्रेन में जारी संघर्ष पर लगातार चर्चा करते रहे हैं। हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजा जाना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा, आपसे मिलना एक यादगार अनुभव होता है, ऐसा मैं हमेशा महसूस करता हूं। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का मौका मिलता है। हम लगातार संपर्क में रहते हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें होती रहती हैं। 140 करोड़ भारतीय आपके लिए इस साल दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह हमारे विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी की गहराई और व्यापकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### घाटी में तबाही के बाद शाह का दूसरा दौरा- बाढ़ पीड़ितों से मिले गृहमंत्री, मंगुचक्क गांव का भी करेंगे निरीक्षण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की और हवाई सर्वेक्षण व उच्चस्तरीय बैठकों के जरिए हालात का जायजा लिया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि वह जिले के सबसे अधिक प्रभावित गांव मंगुचक्क भी जाएंगे।शाह के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। उन्होंने बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुककर नदी किनारे हुए नुकसान का जायजा लिया।शाह रविवार रात जम्मू पहुंचे थे ताकि बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों की समीक्षा कर सकें। वे आज बाद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी कर सकते हैं। इसके अलावा, शाह राजभवन में दो अलग-अलग बैठकों की अध्यक्षता करेंगे- एक बैठक बाढ़ राहत कार्यों पर और दूसरी बैठक बाढ़ से सीमा सुरक्षा में आई बाधाओं को लेकर होगी।14 अगस्त से अब तक किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण 130 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 33 लोग लापता हैं। 26 और 27 अगस्त को हुई रिकॉर्ड बारिश से जम्मू और अन्य मैदानी इलाकों में भारी बाढ़ आई, जिससे बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा। मृतकों में 34 श्रद्धालु भी शामिल हैं, देवी यात्रा के दौरान भूस्खलन की चपेट में आ गए थे।

## पूर्वी अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही;गांव के गांव बर्बाद, कम से कम 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

**अफगानिस्तान में 6 तीव्रता के भूकंप के झटके, तबाही जैसे हालात; भारत ने बढ़ाए मदद के हाथ**




अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11=47 बजे आए 6.0 तीव्रता के भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। यह महज आठ किलोमीटर की गहराई में था। कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।पूर्वी अफगानिस्तान में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11=47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी। कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए।सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलीकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग अपने हाथों से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है। 2,500 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं।%लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया% कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। आइए हम दबे हुए लोगों को बाहर निकालें। कोई भी ऐसा नहीं है, जो आकर मलबे के नीचे से शवों को निकाल सके। %आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा%- पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा। ।पस लौटने ही वाला था कि कमरा उसके ऊपर गिर गया। हताहतों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। कुनार, नंगरहार और राजधानी काबुल से चिकित्सा दल इलाके में पहुंच गए हैं। जमान ने कहा कि कई इलाकों से हताहतों की संख्या की सूचना नहीं मिल पाई है। मौतों और घायलों की सूचना मिलने पर संख्या में बढ़ोतरी की आशंका है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा, %जान बचाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल किया जाएगा।% जलालाबाद एक चहल-पहल वाला व्यापारिक शहर पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ अपनी निकटता और दोनों देशों के बीच एक प्रमुख सीमा पार होने के कारण जलालाबाद एक चहल-पहल वाला व्यापारिक शहर है। नगरपालिका के अनुसार इसकी आबादी लगभग 3,00,000 है, लेकिन इसका महानगरीय क्षेत्र कहीं अधिक बड़ा माना जाता है। इसकी अधिकांश इमारतें कम ऊंचाई वाली हैं, जो ज्यादातर कंक्रीट और ईंटों से बनी हैं। इसके बाहरी इलाकों में मिट्टी की ईंटों और लकड़ी से बने घर हैं। कई घरों की गुणवत्ता घटिया है। 7 अक्तूबर को 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था इससे पहले 7 अक्तूबर, 2023 को अफगानिस्तान में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके बाद तेज झटके भी आए। तालिबान सरकार का अनुमान था कि इस दौरान कम से कम 4,000 लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र ने मृतकों की संख्या काफी कम लगभग 1,500 बताई थी। यह हाल के दिनों में अफगानिस्तान में आई सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा थी।पाकिस्तान सीमा के पास दक्षिण-पूर्वी अफगानिस्तान में भूकंप आया। भूकंप के झटकों की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6 मापी गई है। भूकंप के तेज झटकों के चलते लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। अफगानिस्तान में बीते एक महीने में पांचवी बार भूकंप आया है।

## राहुल गांधी बोले- एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम ला रहे, मोदीजी मुंह नहीं दिखा सकेंगे



17 अगस्त से बिहार में शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा का समापन आज पटना में डाकबंगला चौराहे पर हुआ। राहुल गांधी के साथ राष्ट्रीय स्तर के कई नेता आज पटना में जुटे। वोट चोरी का आरोप लगाकर चुनाव आयोग, बिहार और केंद्र सरकार पर हमला बोला।महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की। हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डाटा के साथ दिखाया। चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट नहीं देती। सीसीटीवी नहीं दिखाती। चार महीने, 16-17 घंटे काम कर हमने देश के सामने सबूत रखा। बिहार के युवाओं को मैं कहना चाहता हूं, वोट चोरी का मतलब अधिकार की चोरी, आरक्षण की चोरी, रोजगार की चोरी, शिक्षा की चोरी, लोकतंत्र की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी। यह आपकी जमीन, आपका राशन कार्ड लेकर अडाणी-अंबानी को दे देंगे। महात्मा गांधी की हत्या करने वाली शक्ति संविधान की हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। हमने बिहार की यात्रा की। बिहार के सारे के सारे युवा खड़े हो गए। छोटे-छोटे बच्चे जीप के पास आते थे, कहते थे वोट चोर, गद्दी छोड़। बीच में बीजेपी के लोग काले झंडे दिखाते थे। आपने एटम बम का नाम सुना है? एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है। बीजेपी के लोगों तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है। पूरे देश को आपकी सच्चाई पता लगने वाली है। हाइड्रोजन बम के बाद नरेंद्र मोदी जी अपना चेहरा देश को नहीं दिखा सकेंगे।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संबोधित करते हुए कहा कि इस 15 दिन की यात्रा पूरे देश में चर्चा चली। भाजपा ने इसमें रुकावट डालने की पूरी कोशिश की। गठबंधन के लोग राहुल जी या तेजस्वी जी नहीं डरे। वोट चोरी करने वाले पैसा चोरी करने की भी आदत रखते हैं। बैंक से चोरी कर बाहर जाने वालों को भी यह संभालते हैं। मोदी जी बिहार में वोट चोरी कराकर जीतना चाहते हैं। सतर्क नहीं रहेंगे तो यह मोदी और शाह आपको डुबा देंगे। आजादी के बाद जो वोट का अधिकार दिलाया गया, उसे खोना नहीं। यह महात्मा गांधी, आंबेडकर और नेहरु जी ने अधिकार दिया है। सीएम नीतीश कुमार पर हमला करते हुए खरगे ने कहा कि यह आरएसएस वाले आपको कचरा में जाकर फेकेंगे। खरगे ने पुलिस को राहुल गांधी की यात्रा रोकने के लिए भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने नारा लगवाया- मोदी को हटाओ। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे के बाद हेमंत सोरेन अभिवादन करते हुए अपना संबोधन शुरू किया और मुकेश सहनी और क्रिकेटर युसुफ पठान को बड़ा भाई कहकर संबोधित किया। आदाब, प्रणाम और सलाम करते हुए तेजस्वी ने कहा कि यह बिहार की धरती है, लोकतंत्र की जननी है। यह कुछ, कुछ भी नहीं दो भाजपाई लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर लोकतंत्र की धरती से लोकतंत्र को खत्म कर देना चाहते हैं। लोकतंत्र चाहिए या राजतंत्र चाहिए? यह लोग चाहते हैं कि बिहारी लोग को ठग लें। फैक्टरी लगाएंगे गुजरात में और वोट चाहिए बिहार में! हमारे मुख्यमंत्री इतनी बार पलटी मारे हैं कि इनका दिमाग चकरा गया है। एक इंजन अपराध और एक भ्रष्टाचार में लगा है। अपना वोट कटने नहीं देना है। बड़ी चालाकी से फर्जी वोट जोड़े जा रहे हैं। इस सरकार को आने वाले चुनाव में उखाड़ फेंकना है। भ्रष्टाचार के भीष्म पितामह बन गए हैं सीएम नीतीश कुमार। मंत्रीजी के यहां सुबह शाम जाते हैं। और, उनके विभाग के इंजीनियर पकड़े जाते हैं तो रुपए जला दिए जाते हैं। करोड़ों-अरबों जला दिए जा रहे हैं। यह नकलची सरकार है। हम जो कहते हैं, वह यह करने लगती है। यह सरकार नकल तो कर सकती है, विजन नहीं ला सकती है। तेजस्वी आगे-आगे और यह सरकार पीछे-पीछे। डुप्लीकेट सीएम चाहिए कि ओरिजनल सीएम चाहिए। अभी तो डुप्लीकेट सीएम का राज चल रहा है। हमलोग एफआईआर वगैरह से डरने वाले नहीं हैं।

संपादकीय Editorial

## How many parties are among their own

During the Himachal Assembly session, another session was also held in Una where BJP was not only in opposition but also among its own. Is Congress visible within its government and as the ruling party during the Assembly session? This is not a contest but a tale of uniting hearts in political circumstances. Though there was an organisational workshop of BJP in Una, but the labour of the organisation, the sadhana of the party, the political skills and the enthusiasm of the leaders were at full swing there. In such a situation, it has to be seen whether the enthusiasm of being in the government after ruling in Himachal is still intact among the workers or leaders of Congress. This is also because despite heavy efforts, the helm of the Congress State President is not coming out, whereas there are many incarnations and many adornments within the party. Here, the launch of Dr. Bindal's team is telling how intensely the party gathers its enthusiasm for new campaigns and new tests. There was not just enthusiasm in the Una meeting, but also marching intentions, continuity to move forward and arms to prove were participating together. It is a different matter that many boats were seen standing dry in the organizational structure of the state BJP, but the party found a new path for a new journey in the invitation of the workshop to seat everyone on its ship. The party's national vice-president Saudan Singh teaches the method and rules of living in BJP, while former Union Minister Anurag Thakur creates a blueprint for the regional elections of 2027, that is, the BJP sitting in August 2025 is showing its muscles in the exercise for the elections after two-two and a half years. Here the criteria is till the booth and courage is drawing such a map till every vote which will agitate the role of the opposition in the coming times. By the way, a contest is also ready in the assembly premises of Shimla. Of course, the government knows the reason and style of being the best in every arrangement of its advocacy, yet the opposition showed itself in the eyes of the public by walking out to sift the political sand. This is not the innocence of the opposition, but cleverness, which is able to show its image even in the horror of the disaster. Here, even though the complete letter to Himachal did not come on the pages of the Center and neither the message of relief could provide solace, but the state BJP does not agree. Anyway, as the party president, Dr. Rajiv Bindal has once again become an expert in adding spice to the opposition environment, because the ruling party is in front, but the party does not have a complete team and leadership. Now it remains to be seen how much excuses are made in the Congress in front of the BJP workshop. Ultimately, the government will have to register its conduct in the expression of mission repeat. It is the common worker who will take the message of the government from the secretariat to the village Chaupal. Congress needs a full-time president in the preparation of the field work of the booth in which the entire BJP is standing. The energy and enthusiasm needed to rejuvenate the party is somewhere held hostage by the ifs and buts of the high command. There was something else when the Congress party came to power. Now a new political Mahabharata will be written. If the BJP can sense the election even two and a half years ago, then the Congress will have to start a new innings with new vigour by following in the footsteps of the government. Himachal has seen every ruling party working on the mode of 'mission repeat' for the past decades. Obviously, to show this passion for the existence of the Congress, the party and the government will have to come together.

# Controversy over NCERT module on who was responsible for India's partition

Lohia was present in the Congress Working Committee meeting (14-15 June 1947) which accepted the partition. That is why Wavell wrote in his diary that 'there is no statesmanship or generosity in Congress.' Thus, the task for which the British government had set a time of 16 months was completed by Mountbatten in less than five months. Recently, a controversy arose over that module of NCERT in which Jinnah and the British along with Congress were held responsible for India's partition. Neither this has been said for the first time nor is the controversy over it new. In fact, India's partition is such a multidimensional subject, whose various aspects are probed every now and then till date. The one person who is considered to be the reason for India's partition was Mohammad Ali Jinnah. It was a strange paradox that a person with a completely anti-Islam lifestyle achieved the goal of creating a separate country in the name of this religion. Jinnah was a stubborn and uncompromising leader, but this was not enough for the creation of Pakistan. If the vast Muslim society had not rallied behind him with a separatist mindset, Pakistan would never have been formed. Jinnah could become the leader of Muslims only when he adopted a religious style. Pakistan's own writer Aziz Ahmed has explained it like this, 'Jinnah did not lead the Muslim people, but the Muslim consensus led Jinnah. His role was that of a clear-minded lawyer who could put his client's wish in very precise words.' It also cannot be ignored that if the Congress leaders had the correct knowledge of Islam and other political qualities, the results could have been different. There can also be endless debate on what would have happened if India had remained united. However, the events between 1946-47 show that it was possible to stop the partition. The British government had announced in the British Parliament in February 1947 that it would hand over power to India by June 1948. The partition of India was not a British plan. Nor did the British officials working in India want this. All evidence shows that the British government made many efforts to ensure that the 'beautiful empire' created by them remains. Conflict of personalities also became a major reason for the partition. Jinnah and the Congress leaders had a lot of animosity towards each other. Nehru considered Jinnah a 'mean lawyer' and poorly educated, while Jinnah considered Nehru an 'arrogant Brahmin'. Jinnah had many faults like stubbornness, obstinacy, indifference and getting irritated easily, but he also had qualities like self-confidence and firmness. There was no lightness or empty boasting in Jinnah. It was Nehru's mistake to assess that Jinnah was not serious about Pakistan and was only making a boast to increase his importance. Due to this misunderstanding, Nehru ignored Jinnah and the Muslim League and after accepting the Cabinet Mission Plan, backtracked on 10 July 1946. This had bad consequences. Immediately after Nehru's statement regarding the Cabinet Mission, Jinnah withdrew his support to this plan on 27 July 1946. Along with this, a call was given for 'Direct Action' Day on 16 August 1946 to demand Pakistan. At that time, the provincial rule of Bengal was in the hands of Muslims and Shahid Suhrawardy was in command, who openly incited Muslims for violence. During the Direct Action, about 3,000 bodies were strewn in Kolkata (Calcutta) in the fierce bloodshed. Thousands were injured. After the terrible massacre in Calcutta, only Lord Wavell went there. None of Gandhi, Nehru and Jinnah went there, whose short-sightedness led to such a huge massacre. Even after this, Wavell kept trying to maintain undivided India. To stick to it, he had to resign from the post in humiliation, because the British government did not want to wait long for the Congress and the Muslim League to agree. In February 1947, it announced to make Lord Mountbatten the Viceroy and transfer power to India by June 1948. Mountbatten reached India on 22 March 1947. He impressed everyone with his personality. If anyone remained completely unaffected by Mountbatten's charm, it was Jinnah. Committed to his goal, Jinnah was used to observing every person, event, statement etc. with utmost attention. Jinnah did not let his rival or enemy get a hint of his feelings, so that he could not take advantage of it. That is why Jinnah was not affected by anyone's praise or courtesy. Neither did Mountbatten. In their first meeting, Gandhiji proposed to Mountbatten that he appoint Jinnah as the head of the interim government and leave it to Jinnah to decide whom he would take or not take in his cabinet, so that the mutual troubles would end and the path for transfer of power would be clear. At first Mountbatten assured to consider this proposal, but seeing the attitude of other Congress leaders, he considered it impractical and left it. He found that Nehru-Patel had made up their mind about partition. Finally, Mountbatten gave the outline of the partition proposal on 3 June 1947, which was accepted by both the parties. After Nehru-Patel accepted the partition, Gandhiji also gave up his opposition. According to Ram Manohar Lohia, in their eagerness for power, Nehru and Patel had already decided to do the partition without informing Gandhiji. Lohia was present in the Congress Working Committee meeting (14-15 June 1947) which accepted the partition. That is why Wavell wrote in his diary, 'There is no statesmanship or generosity in the Congress.' In this way, the work for which the British government had set a time of 16 months was completed. Or it was, Mountbatten resolved it in less than five months. His confidence and the Indian leaders' uncertainty, fatigue and impatience to gain power also played a role in this. It should not be forgotten that this partition proved to be very tragic.

# The hero lost in history, the brave King Prithu who defeated Khilji, comes to the surface

It is necessary that any society analyses the feeling of enemy-consciousness. This is necessary because sometimes false beliefs are created about Shivaji Maharaj from unknown sources and sometimes an attempt is made to portray the fanatic Aurangzeb as the protector of temples. It is not surprising that the pseudo secular and status quo class is against the rewriting of history. Recently, the Chief Minister of Assam dedicated a flyover in Guwahati to King Prithu. With this, people's curiosity about King Prithu of 13th century Kamrup (present-day Assam) increased. It increased more because he is lost in history and unknown to the wider national society. Prithu's full name was Vishwasundardev. He was one of the greatest rulers of Kamrup i.e. today's Assam. He ruled from 1185 to 1228. During his reign, he fought against two invaders - Bakhtiyar Khilji and Nasiruddin. He had badly defeated Khilji who destroyed Nalanda. So many heroes like Raja Prithu faced identity crisis in front of their own progeny. Their oblivion is similar to the fact that an oppressor like Salar Masood Ghazi gets fame for his Mazar and Neja Mela and efforts are being made to find Raja Suheldev who freed them from his troubles in research. This happened because history has always been described by the victors. What should have happened was that after independence, Indian historians would have written their history from their own perspective, but in India, first the Islamic invaders, then the European Gaurang Mahaprabhus, the leftists cheated in writing history. In the guise of the so-called composite culture, the leftist historians even polluted the context and perspective of Indian history.

Nobel Prize-winning Soviet writer Mikhail Sholokhov mentions a Kazakh song in his novel 'And Quiet Flows the Dawn', 'There are no plough tracks on our land. There are marks of horses' hooves on our land and it is not seeds but the heads of Cossacks that are sown in it.' The people of India also have the same agony as Sholokhov's. The hooves of the horses of the invaders destroyed their glory and tried to destroy their culture. This intellectual dishonesty continued to exist even in the self-rule obtained after 1947. At present, an attempt is being made to make the true depiction of history in accordance with national ideas and cultural values. A sample of this is seen in NCERT books. This is needed because the basis of historical interpretations is the valid beliefs of cultural values. Today, if we are encountering the characters of forgotten historical heroes like Lachit Barphukan, Suheldev, Jhalkari Bai, Daldev Maharaj, Mahaveeradevi Bhangi, Panna Dhay Dhanuk and now Raja Prithu, then it is the result of the spread of the consciousness of historical awareness in the cultural awakening of Indian society.

These forgotten heroes are the support of India's conscious nationalism. At present, socio-political movements have also given new dimensions to history. Had there not been such social movements, we would not have known the names of the above historical heroes and heroines. The competition seen some time ago between BJP and SP leaders to garland the statue of Avanti Bai Lodhi in Lucknow proves the consciousness of historical awareness, even if there was political motivation in the background. This is not a context of creating history, but of living it. If history is not presented in its correct context, then future generations will have to read and hear about Sir Syed Ahmed Khan, Iqbal etc., which was written and propagated under a specific agenda. Is it hidden from anyone that the Aligarh Movement became the basis for the creation of Pakistan? History should be determined on appropriate standards and it should not become a factor for false reading. The meaning of history is - this is what happened. The leftists established their agenda on Indian history and created imaginary stories in the name of spreading so-called goodwill. Dr. Ram Manohar Lohia used to say that the self-esteem of those who consider the murderers as their ancestors is false. It is necessary that any society analyses the feeling of enemy-consciousness. This is necessary because sometimes false beliefs are created about Shivaji Maharaj from unknown sources and sometimes an attempt is made to portray the fanatic Aurangzeb as the protector of temples. It is not surprising that the pseudo secular and status quo class is against rewriting history. After all, what was hidden by the earlier historians, the disclosure of which can create conflict? A realistic analysis of history becomes more necessary so that the nation which has gone through the pain of oppression and tyranny knows its real history and alerts the future generations so that it does not have to go through the same pain as before. There is no reason to doubt the intelligence of the public. Present the facts with truth, the public will analyse it itself. In this context, on December 30, 1916, in Ohio, Gurudev Rabindranath Tagore said, "The flag of future civilization can be raised only by freedom from not only our habits, but also freedom from the entire dirty history."

# डेढ़ माह पहले इंस्टा पर बात...नजदीकियां बढ़ीं, शॉपिंग के बहाने बुलाया और मार डाला; नर्स हत्याकांड की कहानी

मुरादाबाद की नर्स समरीन हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपी ने बताया कि समरीन उसे ब्लैकमेल करती थी, इसलिए उसने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।मुरादाबाद के बिलारी में नर्स की हत्या करने के मामले में आरोपी ट्रक चालक गौसे आलम और उसके नाबालिग साथी को पुलिस ने गिफ्तार कर घटना का खुलासा किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि समरीन उसे ब्लैकमेल कर रही इसलिए जंगल में ले जाकर उसने समरीन की साहूकारा निवासी रियासत हुसैन की बेटी निजी क्लीनिक पर नर्स का काम करती थी। क्लीनिक पर जाने के लिए निकली लेकिन अगस्त की सुबह समरीन के पिता ने थाना रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की जांच में उसकी चकफाजलपुर गांव के जंगल में मिली। से उसकी आखिरी बार बात हुई थी।नर्स समरीन पुलिस ने थाना कुंदरकी पुलिस की मदद से बाद उससे पूछताछ की। आरोपी ने स्वीकार दबाकर हत्या की थी। उसकी निशानदेही पर में गन्ने के खेत से पुलिस ने समरीन का शव नाबालिग साथी संग गिरफ्तार शनिवार रात ने गौसे आलम और उसके गांव के ही एक 17 कर हत्या करने और साक्ष्य मिटाने की धाराओं दोपहर पुलिस ने गौसे आलम और उसके लिया। बिलारी थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह







थी। इससे वह आजिज आ गया था। हत्या कर दी। सहसपुर गांव के मोहल्ला समरीन (22) सैफनी कस्बे में एक 24 अगस्त की सुबह वह अपने घर से शाम को घर नहीं लौटी थी। 25 बिलारी में बेटी की गुमशुदगी की आखिरी लोकेशन थाना कुंदरकी के चकफाजलपुर निवासी गौसे आलम की गला दबाकर हत्या की बिलारी गौसे आलम को हिरासत में लेने के किया कि उसने नर्स समरीन की गला शनिवार देररात चकफाजलपुर के जंगल बरामद किया। आरोपी गौसे आलम को ही समरीन के पिता रियासत हुसैन वर्षीय किशोर के खिलाफ अपहरण में मुकदमा दर्ज करा दिया था। रविवार नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल आरोपी के भाई की बाइक और उसका मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। दोपहर बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से गौसे आलम को जेल भेज दिया गया। जबकि नाबालिग को किशोर संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।डेढ़ माह पहले इंस्टाग्राम पर चैट के बाद बढ़ी थी नजदीकियां पुलिस की पूछताछ में आरोपी गौसे आलम ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले उसकी समरीन से इंस्टाग्राम के जरिए बातचीत शुरू हुई थी। एक बार समरीन ने उसे सैफनी वाले क्लीनिक पर बुलाकर बाइक से सहसपुर तक छोड़ने के लिए कहा था। रास्ते में बाइक पर आते समय उसने वीडियो बना ली और यही वीडियो बार-बार भेजकर उसे ब्लैकमेल करने लगी। वह शादी करने का दबाव बनाकर थाने में केस दर्ज कराने की धमकी देती थी।शापिंग करने के बहाने बिलारी बुलाया और घोंट दिया गला पुलिस के मुताबिक आरोपी गौसे आलम ने 24 अगस्त की सुबह समरीन को शापिंग कराने के बहाने फोन कर बिलारी बुलाया था। बिलारी में आंबेडकर पार्क के पास पेट्रोल पंप से समरीन को अपनी बाइक पर बैठाकर जैतपुर पटटी के सामने कुंदरकी के बाईपास पर ले गया। जहां पहले से ही उसके गांव का साथी मिल गया। इसके बाद तीनों बाइक से निकले। चकफाजलपुर और रूपपुर गांव के बीच में गन्ने के खेत के पास बहाने से बाइक रोकी। इसके बाद आरोपी ने समरीन का मुंह दबाकर नीचे गिरा दिया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। शव गन्ने के खेत के काफी अंदर ले जाकर ठिकाने लगा दिया।मोबाइल सिम तोड़कर नदी में फेंका पुलिस के मुताबिक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने नाबालिग साथी के साथ संपर्क मार्गों से होते हुए अहमदनगर जैतवाड़ा गांव में रामगंगा पुल पर पहुंचा। उसने समरीन का पर्स और मोबाइल के सिम को तोड़कर नदी में फेंक दिया। बाइक खड़ी करने के बाद दोनों गाड़ी चलाने के लिए रूद्रपुर चले गए। नाबालिग ट्रक पर उसका सहायक था।शापिंग करने के बहाने बिलारी बुलाया और घोंट दिया गला पुलिस के मुताबिक आरोपी गौसे आलम ने 24 अगस्त की सुबह समरीन को शापिंग कराने के बहाने फोन कर बिलारी बुलाया था। बिलारी में आंबेडकर पार्क के पास पेट्रोल पंप से समरीन को अपनी बाइक पर बैठाकर जैतपुर पटटी के सामने कुंदरकी के बाईपास पर ले गया। जहां पहले से ही उसके गांव का साथी मिल गया।इसके बाद तीनों बाइक से निकले। चकफाजलपुर और रूपपुर गांव के बीच में गन्ने के खेत के पास बहाने से बाइक रोकी। इसके बाद आरोपी ने समरीन का मुंह दबाकर नीचे गिरा दिया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। शव गन्ने के खेत के काफी अंदर ले जाकर ठिकाने लगा दिया।

# स्पाइस बार में शराब के बिल को लेकर मारपीट, फायरिंग में युवक के लगी गोली, सात युवक हिरासत में लिए

मुरादाबाद- मुरादाबाद के स्पाइस लाउंज एंड बार में पार्टी के दौरान शराब के बिल को लेकर वेटर और युवकों में विवाद हो गया। इसके बाद बार में तोड़फोड़ हो गई। फायरिंग में पार्टी करने आए युवक के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने मौके क्षेत्र के दिल्ली रोड मिलन विहार के सामने बार से बाहर निकलकर युवकों ने मच गई। पैर में गोली लगने से घायल मालिक के साथी पर गोली मारने का का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले राणा (35) डेयरी और राइस मिल विहार स्थित स्पाइस लाउंज एंड बार में शराब पी ली थी। रात साढ़े आठ बजे कहासुनी हो गई। आरोप है कि बिल जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद लगी। मारपीट के दौरान बार में तोड़फोड



पर पहुंचकर सात लोगों को हिरासत में लिया है। मझोला थाना स्पाइस बार में रविवार की रात पार्टी के दौरान मारपीट हो गई। ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिससे दिल्ली रोड पर अफरातफरी युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।घायल युवक ने बार आरोप लगाया है। वहीं प्रबंधक ने युवकों पर वेटर को पीटने में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मंडी चौक निवासी सूरज संचालक है।उसने नई कार खरीदने पर अपने दोस्तों को मिलन पार्टी दी थी। दोपहर से शुरू पार्टी में दोस्तों ने 11200 रुपये की किसी बात को लेकर विवाद सूरज के दोस्तों का वेटर प्रदीप से भुगतान को लेकर युवकों ने वेटर के सिर पर गिलास मार दी कर्मचारियों और पार्टी में शामिल युवकों के बीच हाथापाई होने कर दी। इसके बाद युवक बार से बाहर निकल आए। इस दौरान किसी युवक ने असलहा निकालकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान सूरज राणा के पैर में गोली लग गई। सूरज ने पुलिस को बताया कि बार के मालिक के दोस्तों ने गोली चलाई थी। उनकी गोली लगी है। उसने शराब के पैसे के भुगतान कर दिया था। सूरज को साईं अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंचे सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बार और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। पुलिस ने पूछताछ के लिए पार्टी में शामिल सात लोगों को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में पुलिस ने बार के मालिक से भी पूछताछ की है। सीओ का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से ही घटना के असली कारणों का पता चलेगा। विश्व हिंदू महासभा के पदाधिकारी को भी पीटा स्पाइस बार में हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला प्रभारी अंकित शर्मा दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मना रहे थे। इस कार्यक्रम में बुद्धि विहार निवासी विश्व हिंदू महासभा के मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा भी दोस्तों के साथ शामिल हुए। इसी बार में मारपीट शुरू हो गई। अफरातफरी के बीच सूरज राणा के साथियों ने प्रदीप शर्मा के साथ मारपीट कर दी और उनकी लाइसेंसी पिस्टल छीन ली। फायरिंग करते हुए एक युवक रोड तक आ गया। इस वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। इस बीच सूरज राणा के पैर में गोली लग गई। गार्ड बोला, चार राउंड गोलियां चली स्पाइस बार के गेट पर तैनात गार्ड प्रदीप शर्मा ने बताया कि बार में बवाल होने पर वह गेट से उठकर अंदर गए। इस बीच गेट के बाहर एक युवक ने असलहे से चार राउंड फायरिंग की। उसने यह नहीं देखा कि गोली किसको लगी है। घटना के समय उसने अपनी बंदूक से कोई फायर नहीं किया। बार में बर्थडे पार्टी चल रही थी स्पाइस बार में रविवार की रात लाइनपार के रहने वाले एक नेता के जन्मदिन पार्टी चल रही थी। पहले लोगों ने समझा कि बर्थडे पार्टी में शामिल लोगों ने घटना की थी लेकिन बार प्रबंधक मिथुन का कहना था कि घटना करने वाली पार्टी दूसरी थी। हंगामा देखकर घबरा गया था स्पाइस बार के प्रबंधक मिथुन ने बताया कि शराब पी रहे लोगों ने वेटर को क्यों पीटा उसे पता नहीं है। मारपीट को देखकर वह घबरा गया था। बार के मालिक ने भी प्रबंधक से बवाल के बारे में जानकारी ली। भाजपा एमएलसी के बेटे के समर्थकों ने भी किया था हंगामा दिल्ली रोड स्थित स्पाइस बार में करीब 14 दिन पहले भाजपा एमएलसी के पुत्र पर हंगामा करने का आरोप लगा था। आरोप था कि बार में पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट और तोड़फोड़ की गई थी। उस समय भाजपा नेता के पुत्र की बर्थ डे पार्टी एक सप्ताह तक सुर्खियों में रही। पुलिस ने भाजपा नेता के पुत्र को क्लीनचिट देकर छोड़ दिया।

# मुरादाबाद में झमाझम बारिश, सड़कों पर तालाब जैसे हालात, कॉलोनियां व रेलवे ट्रैक डूबे

मुरादाबाद- मुरादाबाद में तड़के से जारी तेज बारिश ने शहर की व्यवस्था बिगाड़ दी। कई मुख्य सड़कों, कॉलोनियों और बाजारों में जलभराव हो गया। रामगंगा और गागन नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।मुरादाबाद तड़के से शुरू हुई मूसलाधार बारिश रफ्तार रोक दी। घंटों तक जारी इलाकों में मुश्किल हालात खड़े जगह-जगह जलभराव से लोगों में भारी दिक्कतों का सामना करना रामगंगा और गागन नदी का गया है, जिससे निचले इलाकों में मंडराने लगा है। लगातार बारिश प्रमुख सड़कों पर जलभराव हो







में सोमवार ने शहर की बारिश ने कई कर दिए हैं को आने-जाने पड़ा।वहीं, जलस्तर भी बढ़ बाढ़ का खतरा से शहर की गया। दौलत बाग बिजली घर के पास, जेल रोड, जीएमडी रोड, और कोड रोड स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में पानी भर गया।वाहन चालकों को पानी से गुजरने में परेशानी के साथ पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों में पानी घुसने की चिंता सताने लगी। बुध बाजार की स्मार्ट सिटी परियोजना क्षेत्र में भी पानी भर गया।नगर निगम की ओर से जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होने से लोग खासी नाराज दिखे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल बारिश में यही हाल होता है, लेकिन जिम्मेदार केवल औपचारिकता निभाकर आगे बढ़ जाते हैं।कॉलोनियों में घुसा पानी अशोकनगर और रामगंगा विहार की कॉलोनियों में बारिश का पानी घरों तक घुस गया। लोग अपने घरों से पानी निकालने और सामान को सुरक्षित करने में जुटे रहे। कई जगह नालियां जाम होने से स्थिति और गंभीर हो गई।रेलवे ट्रैक पर भी जलभराव रेल संचालन भी बारिश से प्रभावित हुआ। लोको पायलट और गार्ड विश्रामलय के सामने पटरी पर पानी भर गया। रेलवे कर्मचारी ट्रैक से पानी निकालने में जुटे रहे ताकि ट्रेन संचालन पर असर न पड़े। पिछले वर्षों में भी इसी स्थान पर भारी बारिश के बाद ट्रैक डूब जाने से ट्रेनें घंटों प्रभावित हुई थीं।नदी का बढ़ा जलस्तर बढ़ा रहा खतरा रामगंगा और गागन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग पहले से सतर्क हो गए हैं। प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखने और संवेदनशील इलाकों में चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 दिन पूरे, अंडा-मुर्गी कारोबार दोबारा खुलने के आसार

मुरादाबाद- अंडा-मुर्गी कारोबारियों को सोमवार से कारोबार खुलने की आस है। तहसील बिलासपुर क्षेत्र के दो पोल्ट्री फार्म में पलने वाली मुर्गियों में बर्ड फ्लू पाए जाने पर प्रशासन ने जिले भर में 21 तक अंडे-मुर्गी की बिक्री पर रोक लगाई थी। इसके अलावा अंडा-मुर्गी लाने ले जाने वाले वाहनों पर भी पाबंदी थी। इस मामले में तीन दिन पहले जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से इस मामले में आख्या मांगी है। जिले में 60 पोल्ट्री फार्म हैं और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पोल्ट्री फार्म में जांच के लिए के 18 टीमें लगाई गई थीं। पिछले दिनों 51 पोल्ट्री फार्म की रिपोर्ट आईवीआरआई बरेली से निगेटिव आई थी। इसके बाद जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश से आख्या तलब की थी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट जिला अधिकारी को भेज दी है। अंडा मुर्गी कारोबारियों को उम्मीद है कि 21 दिन बाद सोमवार को कारोबार खुल सकता है।

### नौकरी व आवास दिलाने के नाम पर 35 लाख की ठगी

मुरादाबाद- संविदा पर नौकरी दिलाने व आवास बनवाने के नाम पर 100 महिलाओं व 12 युवकों से 35 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले सीओ हसनपुर के आदेश पर आदमपुर थाने में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। आदमपुर थाना क्षेत्र के बागड़पुर मुजब्ता निवासी सरजीत सिंह ने आरोप लगाया कि 2022 में हसनपुर थाना क्षेत्र के बीझलपुर गांव निवासी अयूब खानलखनऊ घुमाने के लिए ले गया था। लखनऊ में अयूब खान ने हेमंत गंगवार व अमित कुमार सक्सेना निवासी ग्राम लखीमपुर, थाना शीशगढ़ जनपद बरेली तथा नितिन गौड़ पुत्र वासुदेव गौड़ से मिलवाया था। हेमंत गंगवार ने स्वयं को मुख्यमंत्री का नजदीकी बताते हुए कहा कि वह नौकरी लगवा सकता है और आवास दिलवा सकता है। नौकरी के लिए डेढ़ लाख रुपए तथा आवास के लिए 15 हजार रुपए खर्च करने पड़ेंगे। सरजीत सिंह ने 12 लोगों से 18 लाख रुपए तथा आवास के लिए 100 महिलाओं से 15 लाख रुपए समेत 35 लाख रुपए एकत्रित करके तीनों लोगों को दे दिए। इनमें 22 लाख रुपए बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए जबकि 13 लाखनगद दिए गए। नौकरी व आवास न मिलने पर हेमंत गंगवार आदि से रुपए वापस मांगे तो इंकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत के आदेश पर आदमपुर थाने में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी कुमरेश त्यागी ने बताया कि सरजीत सिंह की तहरीर पर हेमंत गंगवार, अमित सक्सेना, नितिन गौड़ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा मामले की विवेचना की जा रही है।

### पति से नाराज महिला ने कोसी नदी में लगाई छलांग...ग्रामीणों ने बचाई जान

मुरादाबाद- तहसील क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति से विवाद के चलते कोसी नदी में कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बचा लिया और कोतवाली ले आए। पुलिस की समझाने बाद मायके पक्ष के लोग उसे रामपुर स्थित आवास ले गए। सिविल लाइंस निवासी विवाहिता विमला का विवाह करीब तीन वर्ष पहले टांडा क्षेत्र के गांव ईश्वरपुर में हुआ था। ग्रामीणों ने बताया रविवार को वह गुस्से में घर से निकली और कोसी नदी में कूद गई। आसपास के लोगों ने महिला को कूदते देखा और तुरंत महिला को बचाने का कार्य किया, जिस कारण महिला की जान बच गई। इस घटना के बाद ग्रामीण महिला को टांडा कोतवाली ले आए। जहां पुलिस ने महिला के परिजनों को फोन कर कोतवाली बुलाया। कुछ देर बाद गुस्साए परिजन भी थाना पहुंचे और महिला के पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाने लगे। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया, पुलिस की मध्यस्थता और समझाने के बाद परिजन उसे रामपुर अपने घर ले गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि महिला अपने पति से किसी पारिवारिक विवाद को लेकर गहरी नाराजगी थी

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**


**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी सेंटर की भरमार।



क्यूँ न लिखूँ सच / अरविन्द कुमार यादव / श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत बीरगंज बाजार माल्ही चौराहा ,हरबंशपुर ,बदला चौराहा, मिर्जापुर चौराहा, पर पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के अधीक्षक के रहमों करम पर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं जिसमें कोई योग डॉक्टर भी नहीं है ना सारी मशीन सही रूप से हैं इतना नहीं कि मरीज को गलत रिपोर्ट देते हैं और वह लखनऊ तक दौड़कर अपनी हस्ती को मिटा देते आखिर में महंगे दामों में जांच करके फिर उनका जांच गलत होने पर उन्हें लखनऊ तक जाना पड़ता है और मेडिकल कॉलेज य प्राइवेट चिकित्सालय मे इलाज होता है काफी धन खर्च होता है इतना ही नहीं कुछ मरीज मौत के मुंह से बचते हैं और कुछ मरीज की मृत्यु हो जाती है फिर इसका जिम्मेदार कौन है अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी में प्रशिक्षित डॉक्टर बठाये जाएं या समय-समय पर इनकी जांच होती रहे तो इतनी गड़बड़ी न हो लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के अधीक्षक द्वारा मिली भगत करके अवैध रूप से पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड के केंद्र चलाए जा रहे हैं इस संबंध में क्षेत्र के लोगों ने जिला अधिकारी श्रावस्ती से मांग किया है कि अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी सेंटर की जांच कर और उनके विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया है

# मूसलाधार बारिश के चलते गौशाला क्षतिग्रस्त, गौवंश सुरक्षित

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / पिछले चार दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। जलभराव के चलते एक किसान की गोशाला को भी नुकसान हुआ है। गौशाला पूरी तरह से गिर कर तबाह हो गई। हालांकि इस हादसे में गौशाला की संरचना क्षतिग्रस्त हुई, परंतु किसान के सभी पांचों गौवंश सुरक्षित हैं। मूसलाधार बारिश ने तहसील अमरिया के ग्राम पंचायत बरात बोझ के ग्रामीणों की जिंदगी को भारी प्रभावित किया है। आज ग्राम बरात बोझ निवासी महेंद्र पाल व मनोहर लाल, की गौशाला भारी बारिश और जलभराव के कारण पूरी तरह से गिर कर तबाह हो गई। हालांकि इस हादसे में गौशाला की संरचना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुई, परंतु पांचों गौवंश सुरक्षित हैं। बारिश की इस विपत्ति ने ग्रामीणों के जीवन में कई तरह की कठिनाइयाँ पैदा कर दी हैं। घरों में जलभराव और फसलें बर्बाद होने से ग्रामीण खासे परेशान हैं। इसके बावजूद ग्रामवासी कठिनाइयों को सहन करते हुए एक-दूसरे का पूरा साथ दे रहे हैं। उन्होंने आपसी सहयोग और एकजुटता का परिचय देते हुए पशुओं की देखभाल और आवश्यक व्यवस्थाओं में जुटकर इस संकट से लड़ने की भावना दिखाई है। ग्रामीणों का यह साहस और धैर्य सराहनीय है। हर मुश्किल में वे मिल-जुलकर समाधान निकालने को तत्पर हैं। वे अपने पशुओं की सुरक्षा के साथ-साथ परिवार की बुनियादी जरूरतों का भी ध्यान रख रहे हैं। यह आपसी सहारा एवं मजबूत संबंध इस विपदा में उनके लिए सबसे बड़ा सहारा साबित हो रहा है। बारिश के कारण उत्पन्न इस मुश्किल घड़ी में गाँव के लोग पूरी हिम्मत और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उनका विश्वास है कि जल्द ही मौसम सुधरेगा और वे अपने सामान्य जीवन की ओर लौट सकेंगे।



# रविवार को हुई 55 मिमी बारिश ने तोड़ा एक दिन में हुई बारिश के सारे रिकॉर्ड, स्कूल बंद, सड़कें बनीं तालाब, ग्राउंड पर उतरे राज्यमंत्री और जिलाधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत में चार दिनों से लगातार हो बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। रविवार को लगातार आठ घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। आठ घंटे में हुई 55 मिमी बारिश ने एक दिन में हुई बारिश के हुआ कि शहर की मुख्य सड़कों पर चार-चार फीट तक पानी सभी स्कूलों में 1 और 2 सितंबर को छुट्टी घोषित कर दी। सोमवार सुबह से लगातार बारिश के कारण शहर की स्थिति दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण जिला कचहरी परिसर, शारदा बाढ़ खंड समेत आधा दर्जन कार्यालय प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कार्यालयों से पानी निकालने बढ़ता ही जा रहा है। शहर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। नई सड़क जाम कर दिया। उनका आरोप है कि पिछले तीन दिन से कदम नहीं उठाया गया। जाम लगने से डिग्री कॉलेज चौराहा



सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह सीजन की सर्वाधिक बारिश है। नतीजा यह भर गया और बाजार ठप हो गए। हालात बिगड़ने पर जिलाधिकारी ने शारदा और देवही नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। गंभीर हो गई है। शहर के निचले इलाकों में जलभराव से लोगों को भारी अस्पताल, विकास भवन, छ्ढ्ढह्र कार्यालय, मंडी समिति कार्यालय, डूब गए। कर्मचारियों को कार्यालय पहुंचने में कठिनाई हो रही है। के लिए मोटर लगाई गई है। हालांकि लगातार बारिश के कारण पानी बस्ती चौराहा पर जलभराव से परेशान लोगों ने आक्रोश जताते हुए इलाके में पानी भरा है, लेकिन नगर पालिका की ओर से कोई ठोस से सुनगढ़ी और नई बस्ती जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। सूचना मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन नाराज लोग तुरंत मानने को तैयार नहीं हुए। स्थानीय लोगों का कहना था कि जब तक जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की जाती, वे नहीं हटेंगे। जलभराव से परेशान कृष्ण विहार कॉलोनी और वार्ड नंबर 19 के लोगों ने ओम लॉन के बाहर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया। राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार और जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शहर में स्थिति का जायजा लिया। दोनों ने पानी भरी गलियों में पैदल चलकर जलभराव का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि पूरा शहर डूबा हुआ है और ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी गई। उन्होंने जिलाधिकारी से नगर पालिका ईओ को निलंबित करने को कहा। वही एडीएम वित्त एवं राजस्व रितु पुनिया और सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन भी टीम के साथ गांधी स्टेडियम रोड, अशोक कॉलोनी समेत कई प्रभावित इलाकों में पहुंचे। अधिकारियों ने वहां की स्थिति का निरीक्षण किया और जलभराव से परेशान लोगों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि जलभराव को दूर करने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। वहीं प्रशासन की टीम ने जलनिकासी की व्यवस्था को तेज करने और नालियों की सफाई पर भी जोर दिया।

# 1,400 पेड़ों की कटाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, वन विभाग को दिये कार्यवाही निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता शिवम कश्यप ने न केवल जिलाधिकारी बल्कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (ह्लत्रञ्ज), सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल और प्रयागराज हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भी पत्र भेजकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सरकार और न्यायपालिका इस मामले में ठोस कदम उठाए तो विकास और पर्यावरण दोनों के बीच संतुलन कायम किया जा सकता है। पीलीभीत-टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण निस्संदेह विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है, लेकिन 1400 पेड़ों का बलिदान पर्यावरण के लिए गहरी चोट साबित होगा। दरअसल 26 जुलाई को, सुप्रीम कोर्ट के जनहित याचिका प्रकोष्ठ के सहायक रजिस्ट्रार ने उत्तर प्रदेश वन विभाग को शिवम कश्यप की याचिका पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिसमें उत्तर प्रदेश शासन और वन विभाग के प्रमुख अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के फील्ड निदेशक और बरेली क्षेत्र के मुख्य संरक्षक से पेड़ों को काटने के पीछे के तर्क और आवश्यकता पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। इस पर कार्रवाई करते हुए मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने 26 अगस्त को पीलीभीत में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। दरअसल, राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के इस क्रम में मार्च में लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग) ने पीलीभीत में लगभग आठ किलोमीटर हिस्से में सड़क किनारे लगे पेड़ों को चिह्नित करने के लिए पत्र लिखा था। इसके बाद वन विभाग ने 1,400 पेड़ों को चिह्नित कर लिया। इनमें से कई पेड़, 50 साल से अधिक पुराने, पीलीभीत शहर से गुजरने वाले भिंड-लिपुलेख एनएच 731 के 8 किलोमीटर लंबे हिस्से पर खड़े हैं। पेड़ों को काटने की यह योजना मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और नेपाल में 840 किलोमीटर लंबी एक राजमार्ग परियोजना से जुड़ी है। इसका पहला चरण मैनपुरी से पीलीभीत तक 183.38 किलोमीटर लंबा है। मार्च में, लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग विंग के अधिशासी अभियंता शशांक भार्गव ने पीलीभीत के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) को चेनेज 79.350 और 107 के बीच सड़क किनारे पेड़ों को चिह्नित करने का निर्देश दिया था। आवश्यकता की समीक्षा किए बिना, डीएफओ भरत कुमार डीके ने आदेश उप-प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव को भेज दिया, जिन्होंने 1,400 पेड़ों को काटने के लिए चिह्नित कर दिया। जब उनसे पूछा गया कि बाईपास के बावजूद पेड़ों को क्यों काटा जाना चाहिए, तो भार्गव ने कहा, हम शहर के केंद्र को चौड़ीकरण से नहीं छोड़ सकते। जिस पर शिवम कश्यप ने चिपको आंदोलन को पुनर्जीवित करने की धमकी दी है यदि कटाई आगे बढ़ती है, तो पेड़ों को काटने की वैधता और आवश्यकता दोनों पर सवाल उठाते। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सख्ती दिखाई है कि इस प्रक्रिया पर पारदर्शी रिपोर्ट पेश करें। शिवम कश्यप ने बताया की, अब जब सुप्रीम कोर्ट भी इसमें शामिल है, तो अधिकारी केवल अपनी मनमानी पूरी करने के लिए 1,400 कीमती हरे पेड़ों को नष्ट करने की हिम्मत नहीं कर सकते।

# पुलिस महानिरीक्षक महोदय, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा द्वारा पुलिस अधीक्षक बहराइच के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बहराइच का भ्रमण किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच /भूपेन्द्र तिवारी / आगामी त्यौहारों गणेश विसर्जन, बारावफात के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक महोदय, देवीपाटन रेंज गोण्डा, श्री अमित पाठक द्वारा जनपद बहराइच का भ्रमण किया गया । इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ पुलिस लाइन बहराइच में चल रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया तथा प्रशिक्षणरत आरक्षियों के साथ बैठक कर उनको कर्तव्य, अनुशासन व पुलिसिंग के मूल सिद्धांतों का पाठ पढ़ाया गया । प्रशिक्षुओं को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर पुलिसकर्मी बनने हेतु प्रेरित भी किया गया । प्रशिक्षुओं से संवाद कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई एवं उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों/ आरटीसी प्रभारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण अधिकारियों को प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निर्देश प्रदान किए गए । साथ ही महोदय द्वारा प्रशिक्षण की आधारभूत सुविधाओं यथा कंप्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी, आवासीय सुविधाओं, भोजनालय, शौचालय आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई इत्यादि का जायजा लिया गया । चोरी, नकबजनी, लूट आदि अपराधों की सूचना मिलने पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर अविलम्ब अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा फर्जी/ कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बनाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों/ समूहों के बारे में जानकारी कर उनपर नकेल कसने हेतु निर्देशित किया गया तथा विवेचकों को साइबर अपराधों की विवेचनाओं के सम्बन्ध में साइबर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बताया गया । इसके अतिरिक्त आगामी त्यौहारों गणेश चतुर्थी व बारावफात को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सभी को अपने-अपने थानाक्षेत्र में शान्ति समिति की बैठक आयोजित कर सम्भ्रान्त व्यक्तियों, आयोजकों, संचालकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने तथा डीजे पर विवादित गाने आदि न बजाने एवं माननीय न्यायालय के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया । सभी थाना प्रभारियों को टॉप-10 एचएस, माफिया के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा थानाक्षेत्रों के अराजक तत्वों/ शान्ति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा संजीदा मामलों में माननीय न्यायालय से 14 दिवस की रिमाण्ड लेकर अभियुक्तगण को पाबन्द करने हेतु बताया गया । सभी को थाना स्तर पर एन्टी रोमियो टीम को पुन: और अधिक प्रभावी करते हुए महिला सशक्तिकरण हेतु क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाए जाने व मनचलों पर निगरानी रखने हेतु बताया गया । साथ ही सभी अधिकारियों व थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरन्तर पैदल गश्त, रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करने तथा अन्तर्राष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा पर स्थित थानों को विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर सीमा सुरक्षा को पुख्ता करने हेतु निर्देशित किया गया । इसके अतिरिक्त जीवंत ग्राम योजना के अन्तर्गत जनपदीय सीमा क्षेत्र के सभी गांवों में पुलिस मित्र (कम्यूनिटी पुलिसिंग) को प्रभावी करने हेतु निर्देशित किया गया ।



## संक्षिप्त समाचार

# उच्चाधिकारियों को भेजी रिपोर्ट, अनुमति मिलने के बाद शुरू होगा नए बस अड्डे का निर्माण

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत शहर के बाशिंदों को नए रोडवेज बस स्टैंड की सौगात मिलने की उम्मीद है। आपको बता दें कि पीलीभीत का वर्तमान रोडवेज बस स्टैंड काफी जर्जर हो चुका है?। वर्तमान बस स्टैंड में यात्रियों के बैठने के लिए कोई सुविधा नहीं है, न ही बसों के खड़े करने का पर्याप्त स्थान है। यही कारण है कि लंबे समय से इसकी मांग की जा रही है, अब अधिकारी नया रोडवेज बस स्टैंड बनने की उम्मीद जता रहे हैं।पीलीभीत जिला मुख्यालय का रोडवेज बस स्टैंड बीते लंबे समय से बदहाली का दंश झेल रहा है?। बदहाली इस कदर हावी है कि बस स्टैंड पर न तो बसें खड़ी करने की पर्याप्त जगह है। वहीं यात्रियों के बैठने के लिए मात्र दो बेंचों की व्यवस्था है। परिवहन निगम के कर्मचारियों के बैठने के लिए बना प्रशासनिक भवन भी काफी जर्जर हो चुका है। यही कारण है कि आम लोगों के साथ ही साथ अधिकारी भी नए बस स्टैंड के लिए पत्राचार कर रहे हैं। बस स्टैंड निर्माण के लिए शासन से पत्राचार के बाद जगह देखने को अधिकारियों को निर्देश मिले। इसके बाद बीसलपुर मार्ग पर जगह चिह्नित की गई। इसके बाद टनकपुर मार्ग स्थित दियूनी केसरपुर मार्ग पर जगह देखी गई। पीलीभीत डिपो के अधिकारियों ने टनकपुर हाईवे स्थित दियूनी केसरपुर के पास जगह चिह्नित की है। इसके बाद प्रशासनिक स्तर व अन्य दस्तावेज पूरे कर फाइल विभागीय उच्चाधिकारियों को भेजी है। उच्चाधिकारियों से हरी झंडी मिलते ही नए बस अड्डे का निर्माण कार्य आरम्भ हो जाएगा। पीलीभीत डिपो के एआरएम पवन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण के बाद विभागीय दस्तावेज पूरे रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। उच्चाधिकारियों से आदेश आने के बाद नए रोडवेज बस अड्डे का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।




# खाद की कालाबाजारी से किसान बेहाल - आम आदमी पार्टी का विरोध तेज, कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच / चांदनी बिहारपुर- सूरजपुर जिले में इन दिनों किसानों को खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी सोसाइटियों में डीएपी और यूरिया खाद की आपूर्ति ठप है, जिससे किसान मजबूरी में खुले बाजार से दोगुने दाम पर खाद खरीदने को विवश हैं। डीएपी जहाँ 2200 रुपये प्रति बोरी और यूरिया 1200 रुपये प्रति बोरी तक बेची जा रही है। इस कृत्रिम कमी और कालाबाजारी के खिलाफ आज आम आदमी पार्टी ((क) ने तहसील कार्यालय बिहारपुर में प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कमी दिखाकर किसानों को लूटा जा रहा है पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन की मिलीभगत से निजी विक्रेताओं को फायदा पहुँचाने के लिए कृत्रिम संकट पैदा किया गया है। किसानों को जानबूझकर सरकारी सोसाइटियों से खाद नहीं मिल रही, ताकि वे निजी दुकानदारों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हों। नेताओं ने कहा कि यह सीधी-सीधी किसानों के साथ धोखाधड़ी और सरकार की नाकामी का प्रमाण है। फसल पर संकट, आत्महत्या की नौबत ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते खाद की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो खरीफ फसल पर गंभीर असर पड़ेगा। पैदावार घटेगी और कर्ज लेकर खेती करने वाले किसान कर्ज के बोझ तले आत्महत्या करने तक मजबूर हो सकते हैं। इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। आंदोलन की चेतावनी आम आदमी पार्टी ने कहा कि अगर कुछ दिनों में हालात नहीं सुधरे तो पार्टी किसानों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेगी और बड़े आंदोलन की शुरुआत करेगी। यह सिर्फ सूरजपुर ही नहीं बल्कि राज्यभर का मुद्दा बनेगा। ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेश कुमार देवांगन, माया सिंह, सर्वेश गुप्ता, रामदुलारे और गोविंद सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी कर सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की।





# मां शाकुंभरी देवी सेवा संघ शामली द्वारा 127 वा विशाल भंडारे का घूघेश्वर शिव मंदिर बलवे में आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच / राकेश गुप्ता / बलवा शामली श्री मां शाकुंभरी देवी सेवा संघ परिवार शामली द्वारा 127 वा? विशाल भंडारे का आयोजन घूघेश्वर शिव मंदिर मां शाकुंभरी देवी भवन बलवा में आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान अनिल कुमार गोयल चावल वाले रहे अनिल कुमार गोयल द्वारा पूजा अर्चना कराई गई इस भंडारे में जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्ता इस भंडारे में सम्मिलित हुए शामली नगर के नगर पालिका अध्यक्ष




अरविंद संगल मां शाकुंभरी देवी भंडारे में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है जो मां शाकुंभरी देवी सेवा संघ परिवार द्वारा हमें इस भंडारे में आने का सौभाग्य मिला और कहा कि यह माता रानी की असीम कृपा है जो मां शाकुंभरी देवी मंदिर बलवे में निर्माण कार्य चल रहा है यह निर्माण कार्य माता रानी की कृपा से जल्द पूरा होगा समिति अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल ने कहा कि यह मां शाकुंभरी देवी भवन निर्माण का कार्य मां शाकुंभरी देवी जन्मदिन तक पूरा होने की संभावना है आगे माता रानी की इच्छा जैसा माता रानी चाहे इस भंडारे में भक्त जनों के लिए हलवा पूरी चावल कढ़ी प्रसाद मनाया गया कन्या पूजन के बाद यह भंडारा शुरू किया अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बंसल सचिन मित्तल अनिल कुमार गोयल सतीश चीनी वाले रोहित बंसल अशोक गोयल सक्षम संगल नरेंद्र धीमान मुकेश कुमार भोरी लाल राकेश कुछल चौधरी अमरपाल यशपाल पत्रकार राकेश गुप्ता मैं सैकड़ो की संख्या में भक्ति जन मौजूद रहे

# दशलक्षण महापर्व के पांचवे दिन उत्तम सत्य धर्म बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच / राकेश गुप्ता / जलालाबाद शामली श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद जनपद शामली में जैन धर्म के चल रहे दशलक्षण महापर्व के पांचवे दिवस उत्तम सत्य धर्म बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: कालीन बेला में जैन श्रावको में अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में एकत्रित होकर प्रभु पार्श्वनाथ भगवान का मंत्रो के साथ अभिषेक एवं शांतिधारा की । पूजन



के बाद ब्र0 संजय शास्त्री सरस बैतूल ने उत्तम सत्य धर्म के बारे में बताया कि उत्तम सत्य धर्म का अभिप्राय इस दिन का लक्षण उत्तम सत्य है। सत्य का अर्थ केवल सत्य वचन कहना ही नही, बल्कि मन, वचन और कर्म से पवित्र एवं निष्कलंक जीवन जीना है। जैन धर्म में सत्य को धर्म की आधारशिला माना गया है। जैन श्रावको ने एक साथ मिलकर सत्य धर्म के पालन का संकलप लिया। आज सांय 48 काव्यो को पढकर 48 दीप जलाकर मानतुंग आचार्य जी द्वारा लिखित भक्तामर दीर्पाचन का पाठ श्री सतीस जैन, विशाल जैन, अंकित जैन, पुण्या जैन, लवि जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद चौबीसो भगवान व पार्श्वनाथ भगवान की आरती व भजनो के द्वारा पांचवे दिवस उत्तम सत्य धर्म का समापन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र कमेठी के मंत्री श्री सुशील कुमार जैन ने बाहर से आये एवं पाठ में बैठे सभी श्रद्धालुओ को पटका पहनाकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मंदिर कमेठी के मंत्री श्री सुशील कुमार जैन, श्रीमति राज जैन, ब्र0 संजय शास्त्री सरस बैतूल, सुनील जैन, जितेंद्र जैन कांधला, डा0 ऐ0के0 जैन, श्रीमति उषा जैन ,भव्य जैन, श्रीमति रुपाली जैन सहारनपुर , गौरव जैन, आर्जव जैन, छाया जैन, रक्षा जैन दिल्ली , प0 सनत जैन ,सतीस जैन अर्पण जैन, ऋषभ जैन, सचिन जैन , राहुल जैन, काजल जैन, नीलम जैन, दीपिका जैन, रेखा जैन, ऋषका जैन, सचिका जैन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के जिला सूरजपुर व मध्यप्रदेश के जिला सिंगरौली के पुलिस अधिकारियों की इंटरस्टेट बॉर्डर मीटिंग हुई आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच / छत्तीसगढ़ के जिला सूरजपुर व मध्यप्रदेश के जिला सिंगरौली के पुलिस अधिकारियों की इंटरस्टेट बॉर्डर मीटिंग हुई आयोजित। कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा, सुरक्षा के लिए बनाई गई विशेष रणनीति। सूरजपुर। छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के आदान प्रदान, सूचना तंत्र को मजबूत कर लॉ एंड को रोकने, किसी अपराध के बाद बार्डर इलाके में आदतन अपराधियों की जानकारी साझा करने एवं को लेकर शनिवार, 30 अगस्त 2025 को मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग हुई जिसमें ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्री मनीष खत्री डीआईजी रीवां श्री राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि साथ लगातार कार्य कर रही है जिसे और पुख्ता करने पर तैनात पुलिस टीम के साथ कड़ी सुरक्षा के लिए फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए आपसी सहयोग, आवाजाही पर नजर रखकर सूचनाओं का आदान-ग्रुप को और सक्रिय बनाने को लेकर चर्चा किया। ठाकुर ने कहा कि दोनों राज्यों की पुलिस मिलकर लॉ



की सीमावर्ती थानों के बीच इंटेलिजेंस और सूचनाओं ऑर्डर को पुख्ता बनाने, अवैध वस्तुओं की तस्करी ठोस नाकाबंदी, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधी तक पहुंचने बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य के सिंगरौली में डीआईजी रीवां श्री राजेश सिंह चंदेल डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामील हुए। बैठक में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की पुलिस आपसी तालमेल के की रणनीति पर जोर दिया जायेगा, इंटर स्टेट बॉर्डर संयुक्त रूप से कार्रवाई पर चर्चा की। वारंटियों और नशीले पदार्थों के परिवहन और संदिग्ध वस्तुओं की प्रदान और कार्रवाई करने एवं इसके लिए बने वाटसएप डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार एंड ऑर्डर को पुख्ता करने के साथ ही त्वरित सूचना आदान-प्रदान कर अपराधियों को धरदबोचा जायेगा, आपराधिक गतिविधियों, अवैध वस्तुओं के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने रणनीति के तहत समन्वय के साथ एक्शन ली जायेगी। अपराध घटित कर आरोपी राज्य की सीमा से बाहर न निकले इस पर जोर दिया जायेगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। मीटिंग में इन बिंदुओं पर मुख्य रूप से हुई चर्चा। दोनों राज्यों की पुलिस अधिकारियों की इंटर स्टेट बार्डर मीटिंग में सीमावर्ती गांवों में रह रहे असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना, बार्डर स्थित ग्रामों में अवैध शराब, अवैध हथियार और अन्य गतिविधियों में लिप्त बदमाशों पर निगरानी रखना और उन पर कार्रवाई करना। सीमावर्ती चेक पोस्टों पर लगातार वाहनों की चेकिंग सघनता से करना। असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखकर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करना। फरार आरोपियों और वारंटों की तामीली समन्वय स्थापित कर सूची व आवश्यक सूचनाओं का लगातार आदान-प्रदान करना। बार्डर एरिया ग्रामों के लायसेंसीदारानों पर लगातार निगरानी, नियत रूप से पेट्रोलिंग करना तथा सीमावर्ती थाना और चौकी प्रभारियों का संयुक्त वॉटसएप ग्रुप बनाना शामील है।

# कोर्ट मोहर्रिरों की बैठक में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर के कड़े निर्देश- ई-समंस की हो शत-प्रतिशत तामीली।

क्यूँ न लिखूँ सच / सूरजपुर। फरियादी, पीड़ित व्यक्ति को सुलभ न्याय शीघ्रता से मिले इसके लिए अब माननीय न्यायालयों के द्वारा ई-समंस जारी किए जा रहे है, ई-साक्ष्य पोर्टल पर समंस जारी होने के फौरन बाद उसकी तामीली कैसे की जानी है, तामीली उपरान्त माननीय न्यायालय को तामीली से किस प्रकार अवगत कराना है उसे लेकर जिला पुलिस कार्यालय में शनिवार, 30 अगस्त 2025 को डीआईजी व एसएसएपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में न्यायालय के कोर्ट मोहर्रिरों, थाना-चौकी में समंस वारंट के कार्य करने वाले जवानों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि न्यायालयीन प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़े इसके लिए गवाहों का माननीय न्यायालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। ई-साक्ष्य पोर्टल पर गवाहों को जारी ई-समंस की तामीली प्राथमिकता से समय पर की जाए। ई-समंस प्राप्ति एवं तामीली उपरान्त भेजने का रिकार्ड सुरक्षित रखी जाए। उन्होंने कहा कि आपके सजग रहकर कार्य करने से समंस-वारंट की तामीली सही समय होगी और फरियादियों को न्यायालय से जल्द न्याय मिलेगा।

कोर्ट मोहर्रिर व समंस वारंट का कार्य करने वाले जवानों को कहा कि अच्छे कार्य पर पुरस्कृत तो वहीं लापरवाही पर दंडित किया जायेगा। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, निरीक्षक जावेद मियादाद, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी व कोर्ट मोहर्रिर सहित थाना में समंस-वारंट का कार्य करने वाले आरक्षकगण मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुनी गई जन समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच /शैलेन्द्र कुमार पांडेय / पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनता दर्शन में आये



फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

# जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार / जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार परिसर की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने



रसोईघर का निरीक्षण कर बंदियों के लिए बनाए गए भोजन की गुणवत्ता की जांच की और साथ ही निर्देशित किया कि बंदियों को समय पर और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने बंदियों से भी संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुना। इसके अतिरिक्त, जेल परिसर की स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने जेल चिकित्सालय का निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों से दवाओं की उपलब्धता और रोगियों के इलाज की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने जेल में चल रही शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया और पहरेदारी, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति तथा अन्य निगरानी उपकरणों की कार्यक्षमता की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित सुरक्षाकर्मियों से उनकी ड्यूटी व्यवस्था, प्रशिक्षण और शिफ्ट प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे

## संक्षिप्त समाचार

# नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान शुरू - बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा/जनपद जालौन/ परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जन सुरक्षा और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मोटर




वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालक और पीछे बैठने वाले व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है, जबकि धारा 194 (डी) में इसका उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान है। इस नियम को सख्ती से लागू कराने के लिए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद के किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट आए व्यक्ति को पेट्रोल न दिया जाए। उन्होंने दोपहिया वाहन स्वामियों से भी अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। अभियान के पहले ही दिन परिवहन विभाग ने कड़ी कार्यवाही की। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल जालौन राजेश कुमार ने उरई और जालौन नगर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे 95 लोगों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की। वहीं वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा./प्रव.) सुरेश कुमार ने भी अभियान के दौरान 47 वाहन स्वामियों का चालान किया। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान पूरे माह लगातार चलेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जनपद के सिरसिया थाना प्रभारी शैलकान्त उपाध्याय ने बारावफात व गणेश चतुर्थी के मद्देनजर धर्मगुरुओं व नगर के संभ्रांत व लोगों तथा गणेश पूजा समिति पदाधिकारियों के साथ पीस



कमेटी की बैठक की। बैठक में थाना प्रभारी शैलकान्त उपाध्याय ने कहा, त्योहार खुशियों का प्रतीक हैं और पर्वों का आनंद शांति में ही निहित है। सभी लोग अपने-अपने त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाएं और कोई भी नया कार्य न करें ताकि पुलिस और स्वयं को समस्या का सामना न करना पड़े। पुलिस से जो भी सहायता चाहिए निसंकोच थाने पर आकर बताए। समस्या का समाधान किया जाएगा। डीजे पर अश्लील गाने बजाने पर उचित कार्यवाई की जाएगी। बैठक में गणेश पूजा अध्यक्ष सिरसिया अंश गुप्ता, महामंत्री आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, राजन गुप्ता चिल्हारिया मोड़ से वीरू कश्यप, बेचईपुरवा से अनिल गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि खलील अहमद, डॉ सिराजुद्दीन, पूर्व प्रधान मुस्तकीम, सहित कई मौलाना ने भी बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उपस्थित सभी ने त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और सौहार्दपूर्ण माहौल में उत्सव मनाने पर सहमति जताई।

# तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के लबेदपुर राजापुर रानी गांव में चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाया। चोरों ने खिड़की के ग्रिल तोड़कर और दीवार फांद कर घरों में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, चोरी की घटना में गरीब और बुजुर्ग महिलाएं भी प्रभावित हुईं हैं। पीड़ितों में ननकऊ प्रसाद, पाटेश्वरी प्रसाद और राजरानी शामिल हैं, जिन्होंने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर देकर मामले की सख्त जांच की मांग की है। चोरी की राशि और जेवरात की कीमत लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। चोरी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घरों में जांच पड़ताल की और मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी के दौरान ग्रिल निकाल फेंका गया था और घर के दरवाजे-खिड़कियां तोड़ी गईं।

# Why are teenagers becoming violent...study pressure or career anxiety, what is the real reason?

Increasing violence and aggression among teenagers has become a matter of concern for the society. Anger and violent behavior over small things is becoming common. Family environment, social pressure and violent content shown in the media are increasing this trend. Let us know the reasons for children becoming violent. These days, cases of violence among teenagers are increasing. Recently, many such cases have come to light. There can be many reasons behind this, which are important to know. It is said in the scriptures that anger is the biggest enemy of man. It not only hollows a person from inside, but also creates problems for the people around him. Nowadays, the problem of anger and violence is increasing rapidly among teenagers. They lose their temper over small things and sometimes take such violent steps, which cannot even be imagined. In recent times, many such tragic incidents have come to light in India, where teenagers killed classmates or even teachers in a fit of anger. This is a serious social problem which needs to be thought about deeply. Why is anger increasing? Recently, there have been reports of students committing violent incidents in school premises like Ahmedabad and Ghazipur. Where knives and other weapons were used in minor quarrels and students lost their lives. These incidents have shaken the society and raised the question as to why our teenagers are becoming so violent and aggressive. Adolescence is a delicate phase of life. During this period, physical and hormonal changes take place, which causes emotional turmoil. Pressure of studies, career worries, expectations of parents and teachers and pressure from friends or classmates - all these things put mental pressure on teenagers. When this pressure becomes unbearable, anger emerges as a natural reaction. Today's lifestyle is also responsible for the increasing anger among teenagers. The breakdown of joint families and the inability of parents to give enough time and attention to children due to being extremely busy is the factor due to which children feel lonely and are unable to express their feelings properly, which increases anger and frustration in them. TV and OTT are becoming catalysts Nowadays, most of the time of teenagers is spent on TV and OTT platforms. Many programs shown on these are full of violence and negativity. Often the characters are shown vandalizing, using abusive language or being violent in anger. Teens are affected by these scenes and they feel that this is the only right way to express anger. By constantly watching violent content, they become insensitive to violence. Many researches have also revealed that violent video games and films make children aggressive. Along with this, trolling and bullying in internet media and normal life also have a deep impact on the minds of teenagers. If they are victims of this, then they are not able to talk openly about it to anyone, in such a situation, a wave of emotions keeps rising within them. An even more dangerous situation is when teenagers themselves are bullying someone. Because it gives them negative self-confidence, they do not hesitate to kill someone for their happiness. As was revealed in the incident in Ahmedabad, when the chat of the accused teenager revealed that he did not even regret committing the murder. These are the solutions - A multi-dimensional approach needs to be adopted to deal with the problem of increasing violence among teenagers. Role of family: Parents should spend quality time with children. They should talk to them openly, it is very important to listen and understand their problems. The atmosphere at home should be calm and positive. Parents not giving time to children, not understanding their feelings and emphasizing only on academic success also makes them emotionally weak. Parents should play an important role in teaching them the difference between right and wrong and instilling moral values. Role of school: Schools should not only emphasize on academic education, but also on moral and emotional development. Students should be taught ways to control emotions and solve problems peacefully. Media responsibility: TV and OTT platforms should understand their responsibility and stop content that promotes violence. The government should also take steps to control the spread of violent content in the media. Social awareness: There should be open discussion on this issue in society. Mental health support should be provided to teenagers and digital literacy should be promoted.



# If you have diabetes, don't worry! Control your sugar with these 5 ways and get a normal life

As soon as we hear the name of diabetes, we think that life will not be the same as before, but it is not so. If we take full care of our diet and exercise in this disease, then we can live a better life even with it. Let us know what things diabetes patients need to keep in mind. It is very important to keep blood sugar under control in diabetes. It affects many parts of the body. Therefore, it is important for its patients to keep some things in mind. Diabetes patients are well aware of how important it is for them to keep blood sugar under control. But do you know that diabetes affects every part of your body, not just the blood sugar level? Healthy diet, regular checkup and proper control of blood sugar level can help in avoiding the problems caused by it. This is how diabetes affects the eyes: Diabetic retinopathy can damage the blood vessels of your eyes. Due to this, there is a risk of losing eyesight in adults. Heart and blood vessels: Diabetes increases the risk of cardiovascular disease, heart disease and stroke. Continuously high blood sugar affects the heart and blood vessels. Kidneys: In case of diabetic nephropathy, the kidneys have to work harder. Sometimes it also causes kidney failure, which may require dialysis. Feet: Diabetic neuropathy increases the risk of nerve damage, especially to the nerves of the feet. You may feel pain, numbness or tingling in your feet. In such a situation, ignoring foot injuries can lead to the risk of serious infection. This is how you can stay healthy with diabetes: Manage blood sugar - The best way to avoid problems caused by diabetes is to keep blood sugar under control. To keep an eye on it all the time, you can use a wearable device, which will constantly keep giving information about your blood sugar. Make healthy changes in your lifestyle Keep your eating habits right: Take a balanced diet, which has minimal processed carbohydrates and more fiber. Regular exercise: Just half an hour of exercise 3 to 4 days a week can keep blood sugar under control. It also improves heart health. Avoid smoking: Stop smoking or limit it. Get good sleep: Get at least 7 hours of sleep every night. Check your feet: Check your feet every day for any wounds, especially between the toes. Eye test: Get your eyes checked at least once a year. If any problem is visible, do not ignore it.



# Wheat flour rusks are perfect for tea time, prepare them at home with this easy recipe

If the rusks that make tea time special are healthy and tasty, then the fun of eating them doubles. Rusks available in the market are often adulterated which can be harmful for health. In such a situation, you can easily prepare healthy and fresh wheat flour rusks at home. People eat many things with tea. Eating unhealthy things can harm health. In such a situation, you can try some healthy options. If you want to eat something crispy and light with tea, then rusks are a great option. Especially when the rusks are homemade and health has also been taken care of in them. Rusks available in the market are often made of refined flour, which may contain high amounts of preservatives and sugar. On the other hand, rusks made from wheat flour at home are not only better in taste, but are also beneficial for health. It is very easy to make and has a long shelf life too. So let's know about its easy and healthy recipe, which you can prepare anytime to make your tea-time special. Ingredients Wheat flour - 2 cups Milk - ½ cup (lukewarm) Melted ghee - ¼ cup Sugar - ¼ cup Baking powder - ½ tsp Cardamom powder - ½ tsp Salt - a pinch Method of making To make it, first of all, mix wheat flour, baking powder, cardamom powder and salt in a large mixing bowl. Now add melted ghee to it and mix well with hands so that the mixture becomes like breadcrumbs. Now dissolve sugar in lukewarm milk and then slowly add it to the flour. Prepare a soft and smooth dough. Do not make the dough too loose or hard. Now preheat the oven to 180°C. After this, put the dough in a greased bread loaf tin and bake for 30-35 minutes. When the bread turns golden and slightly puffed, remove and cool. Cut the cooled bread into thin slices. Place the slices on a tray and bake at 140°C for 10-15 minutes on both sides until they turn crispy and golden. Taste Bud Tips You can add fennel, raisins or almonds to enhance the taste. Store in an airtight container after cooling completely. It stays fresh for 2–3 weeks.



